**दिनांक 21.06.2021 को अपराह्न 12.30 बजे Renovation/Beautification of Singharhat Pond in Biharsharif under Smart City Mission (NIT. BUIDCo/Yo-1973/2020-191 dated – 24.12.2020) से संबंधित निविदा पर Technical Bid Evaluation Committee द्वारा किये गये अनुशंसा पर निर्णय लेने हेतु आहूत निविदा समिति की बैठक (VC) की कार्यवाही।**

उपस्थिति :

1. प्रबंध निदेशक–सह–अध्यक्ष–निविदा समिति।
2. अभियंता–प्रमुख, नगर विकास एवं आवास विभाग–सह–सदस्य–निविदा समिति।
3. Internal Financial Advisor, नगर विकास एवं आवास विभाग–सह–सदस्य–निविदा समिति।
4. मुख्य अभियंता, आयोजन, निरूपण एवं अनुश्रवण–सह–सदस्य–निविदा समिति।
5. मुख्य अभियंता (आधारभूत, संरचना एवं परिवहन) दक्षिण बिहार उपभाग–सह–सदस्य–निविदा समिति।
6. अधीक्षण अभियंता, आयोजन, निरूपण एवं अनुश्रवण–सह–सदस्य–निविदा समिति।
7. अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल–2–सह–सदस्य–निविदा समिति।

अनुपस्थित :

2. मुख्य अभियंता (आधारभूत, संरचना एवं परिवहन) दक्षिण बिहार उपभाग – **पद रिक्त**

कार्यवाहीः–

Renovation/Beautification of Singaarhat Pound under Biharsharif Nagar Nigam, Nalanda, Bihar (NIT. BUIDCo/Yo-1973/2020-191 dated – 24.12.2020) से संबंधित निविदा दिनांक–24.12.2020 को आमंत्रित की गई थी। निविदा जमा/समर्पित करने की निर्धारित अंतिम तिथि 29.01.2021 तक तीन निविदाकार द्वारा निविदा समर्पित किया गया है।

निविदा दस्तावेजों के जांचोपरान्त TBEC की दिनांक 23.03.2021 की बैठक में निम्नवत अनुशंसा की गयी –

**Technical Bid Evaluation Committee की अनुशंसाः–**

1. **Anil Kumar**

1.1 Anil Kumar द्वारा समर्पित Temple Development से संबंधित कार्य अनुभव प्रमाण के संबंध में BSTDCL से इस कार्य का Layout Plan प्राप्त हुआ है, जिसमें Pond का विकास एवं Landscaping का कार्य भी उल्लेखित है। अतः इसे Similar Work से संबंधित Bid Document के अहर्त्ता Clause No- 4 A (b) के अनुरूप माना जा सकता है। इनकी तकनीकी निविदा मान्य करने की अनुशंसा की गयी।

2. **Pramod Kumar Singh**

2.1 Pramod Kumar Singh द्वारा Bid Document के Clause No. 4.A (c) के अन्तर्गत Brick flat soling- 1691 sqm के सापेक्ष Brick work- 2462 sqm कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया है। निविदादाता द्वारा समर्पित Brick work के कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र को Brick flat soling के अनुरूप माना जा सकता है। इस आधार पर इनके तकनीकी निविदा को मान्य करने करने की अनुशंसा की गयी।

3. **Viveka Kumar**

3.1 Viveka Kumar द्वारा Construction of Hospital Building at Samastipur से संबंधित समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र के सत्यापनोंपरान्त गलत पाया गया । अतः इनकी निविदा अमान्य करने की अनुशंसा की गयी।

TBEC की उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में निविदा की बैठक दिनांक 26.03.2021 को आयोजित की गयी। बैठक में निविदा समिति द्वारा निम्नवत चार विन्दुओं पर मंतव्य देने का निदेश दिया गया।

1. Anil Kumar द्वारा समर्पित किये गये Temple Development के कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र से स्पष्ट नहीं हो रहा है कि यह Bid Document के Clause No- 4 A (b), Similar Single work experience in last 5 years को

पूर्ण करती है। TBEC की कार्यवाही में उल्लेख किया गया है कि ''Temple Development से संबंधित कार्य अनुभव प्रमाण के संबंध में BSTDCL से इस कार्य का Layout Plan प्राप्त हुआ है, जिसमें Pond का विकास एवं Landscaping का कार्य भी उल्लेखित है। अतः इसे Similar Work से संबंधित Bid Document के अहर्त्ता Clause No- 4 A (b) के अनुरूप माना जा सकता है।'' इस संबंध में निविदा समिति द्वारा पृच्छा किया गया कि किस आधार पर BSTDCL से इस कार्य का Layout Plan प्राप्त किया गया। इसे स्पष्ट करें। साथ हीं निविदादाता के निविदा को मान्य किये जाने का आधार भी स्पष्ट करें।

2. बुडको द्वारा Khagaria I&D and STP Project हेतु आमंत्रित निविदा में एक निविदाकार द्वारा गलत अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित किए जाने के कारण Technical Bid Evaluation Committee द्वारा उस निविदाकार को Blacklisting करने का अनुशंसा किया गया है, परंतु इस निविदा में Viveka Kumar द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र गलत पुष्टि होने के उपरांत भी TBEC द्वारा Blacklist करने की अनुशंसा नहीं की गयी है। ऐसा क्यों ? इसे स्पष्ट करें।
3. Pramod Kumar Singh द्वारा Bid Document के Clause No. 4.A (c) के अन्तर्गत Brick flat soling- 1691 sqm के सापेक्ष Brick work- 2462 sqm कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया है। Technical Bid Evaluation Committee किस आधार पर Brick work के कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र को Brick flat soling के अनुरूप मानती है, स्पष्ट करें।
4. Pramod Kumar Singh द्वारा समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र से स्पष्ट नहीं हो रहा है कि यह Bid Document के Clause No- 4 A (b), Similar Single work experience in last 5 years को पूर्ण करती है। इस संबंध में TBEC द्वारा उल्लेख नहीं किया गया है।

उपरोक्त चार बिन्दुओं पर Technical Bid Evaluation Committee दो दिनों के अंदर बैठक कर अपना प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करें।

निविदा समिति की पृच्छा के आलोक में TBEC की बैठक दिनांक 03.04.2021 को आयोजित की गयी। **पृच्छा संख्या 1** के संबंध में TBEC द्वारा निम्नवत वस्तुस्थित स्पष्ट की गयी –

*निविदाकार Anil Kumar द्वारा किये गये Temple Development से संबंधित कार्य की राशि Rs. 8.28 करोड़ है। समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण पत्र से प्रतीत होता है कि इस योजना में पार्क से संबंधित कार्य भी सम्मिलित है। इस संबंध में BSTDCL से scope of work के संबंध में सूचना प्राप्त की गयी थी जिसमें Development of Park, Development of Pond आदि उल्लेखित है। पुनः similar work से संबंधित अहर्ता के आलोक में BSTDCL से लिखित रूप में सूचना प्राप्त की जा रही है कि वर्णित कार्य के तहत Pond/Park का कार्य भी किया गया है क्या?*

TBEC के उपरोक्त लिये गये निर्णय के आलोक में श्री अनिल कुमार के similar work से संबंधित अहर्ता के संबंध में इस कार्यालय के पत्रांक 3639, दिनांक 28.05.2021, 3389, दिनांक 13.05.2021 के माध्यम से BSTDCL से लिखित रूप में सूचना प्राप्त की गयी कि वर्णित कार्य के तहत Pond/Park का कार्य भी किया गया है क्या?

BSTDCL के पत्रांक 384/Eng/2021, दिनांक 05.06.2021 द्वारा सूचित किया गया कि Development of Avantikanath Temple, Kamdhenu Temple and Madhushudan Temple under mandar Hill and Ang Pradesh circuit से संबंधित श्री अनिल कुमार का uploaded अनुभव प्रमाण पत्र सही नहीं है तथा इनके निर्गत पत्र से भिन्न है। लेकिन उनके द्वारा यह भी उल्लेख किया गया है कि इस योजना के scope of work के अन्तर्गत park/pond का कार्य करना था तथा संवेदक श्री अनिल कुमार के द्वारा संपादित कर पूर्ण दिया गया है।

निविदा समिति की **पृच्छा संख्या 2** के संबंध में कार्रवाई की गयी है। निविदा के साथ गलत अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करने के कारण श्री विवेका कुमार का निबंधन कालीकृत/रद्द करने के लिए इस कार्यालय के पत्रांक 2991, दिनांक 22.04.2021 के माध्यम मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना तथा पत्रांक 2992, दिनांक 22.04.2021 द्वारा अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग से अनुरोध किया गया है।

**पृच्छा संख्या 3** – Brick Flat Soiling एवं Brick Work का कार्य Brick से संबंधित है तथा B/W कार्य B/F/S से अधिक skilled है, फलतः TBEC द्वारा इसे मान्य किया गया है।

**पृच्छा संख्या 4** – इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, BSTDCL से इस कार्यालय के पत्रांक 3346, दिनांक 13.05.2021 समरूप कार्य के संबंध में प्रतिवेदन की मांग की गयी थी तथा उन्होंने पत्रांक 387, दिनांक 08.06.2021 द्वारा प्रतिवेदित किया है कि संवेदक श्री प्रमोद कुमार जो Development of Tourism Infrastructure Patharkatti का कार्य किया गया है, उसके Scope of work में Park/Pond का कार्य सन्निहित था। फलतः इसे सफल कार्य माना जायेगा।

इस निविदा में तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया। दिनांक 23.03.2021 की TBEC की बैठक में दो निविदाकारों 1. Anil Kumar, 2. Pramod Kumar singh की निविदा को तकनीकी रूप से सफल घोषित करने तथा 3. Viveka Kumar की निविदा को तकनीकी रूप से असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी थी। अनुभव प्रमाण पत्र सत्यापन के क्रम में BSTDCL द्वारा सूचित किया गया कि श्री अनिल कुमार का अनुभव प्रमाण पत्र सही नहीं पाया गया है तथा निर्गत पत्र से भिन्न है।

**दिनांक 10.06.2021 को आयोजित बैठक में TBEC की अनुशंसा** – इस प्रकार दिनांक 10.06.2021 को आयोजित TBEC की बैठक में श्री अनिल कुमार के द्वारा निविदा के साथ गलत अनुभव कार्य प्रमाण पत्र समर्पित करने के कारण इनकी निविदा को तकनीकी रूप से अमान्य करने की अनुंशसा की जाती है। साथ ही श्री अनिल कुमार के निबंधन को विहित प्रक्रिया अपनाकर कालीकृत करने की कार्रवाई की जायेगी।

इस प्रकार इस योजना हेतु एकमात्र निविदाकार Pramod Kumar Singh तकनीकी रूप से सफल पाये जाते हैं। इस कार्य हेतु यह पहली बार की निविदा है। अतः एकल निविदा होने के कारण इस निविदा को रद्द करने तथा पुनर्निविदा प्रकाशित करने की अनुशंसा निविदा समिति से की जाती है।

**निविदा समिति का निर्णय** – निविदा समिति द्वारा TBEC की अनुशंसा पर समीक्षा किया गया। समीक्षोपरान्त निविदा समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि –

- उक्त निविदा में भाग लिये दो निविदाकार क्रमशः 1. Viveka Kumar तथा 2. Anil Kumar तकनीकी रूप से असफल होते हैं तथा 3. Pramod Kumar Singh तकनीकी रूप से सफल होते हैं। सम्यक विचारोपरान्त इस योजना में एकमात्र निविदाकार के सफल होने के फलस्वरूप पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना 3152 (S) दिनांक 09.05.2016 के आलोक में निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

- TBEC को निदेश दिया जाता है कि निविदा के साथ गलत अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करने के कारण श्री विवेका कुमार का निबंधन कालीकृत/रद्द करने के लिए मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना तथा अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग को पुनः स्मारित करते हुए अबतक किये गये कार्रवाई पर प्रतिवेदन प्राप्त करें।

- TBEC को निदेश दिया जाता है कि श्री अनिल कुमार के द्वारा निविदा के साथ गलत अनुभव कार्य प्रमाण पत्र समर्पित करने के कारण इनके निबंधन को कालीकृत/रद्द करने हेतु विहित प्रक्रिया अपनाकर त्वरित कार्रवाई करें।

- निविदा समिति द्वारा पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि बैठक की कार्यवाही को बुडको एवं e-proc के वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा, ताकि किसी व्यक्ति/संस्था द्वारा तकनीकी मूल्यांकन पर कोई दावा आपत्ति है तो वह अगले 7 (सात) दिनों के अंदर दावा आपत्ति समर्पित करेंगे। यदि आपत्ति प्राप्त होती है तो मुख्य अभियंता, आयोजन, निरूपण एवं अनुश्रवण प्राप्त परिवाद के निराकरण के संबंध में TBEC की बैठक आहूत करेंगे एवं अनुशंसा के साथ पुनः विचार एवं अन्तिम निर्णय हेतु निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25/06/21 | 25/6/21 | 25/06/2021 | 25.6.21 | 26.6.21 |
| (रत्नेश कुमार रमण)<br>**अधीक्षण अभियंता,**<br>नगर विकास अंचल 2, पटना–सह–सदस्य, निविदा समिति। | (अशोक कुमार)<br>**मुख्य अभियंता,**<br>**–सह–अधीक्षण अभियंता,**<br>आयोजन, निरूपण एवं अनुश्रवण–सह–सदस्य, निविदा समिति। | (नरेन्द्र कुमार तिवारी)<br>**अभियंता प्रमुख,**<br>नगर विकास एवं आवास विभाग–सह–सदस्य, निविदा समिति। | (जय प्रकाश मंडल)<br>**आतंरिक वित्तीय सलाहकार,**<br>–सह–सदस्य, निविदा समिति। | (रमण कुमार),<br>**प्रबंध निदेशक,**<br>–सह–अध्यक्ष, निविदा समिति। |